# SWARAJ SUITING LIMITED

CIN-L18101RJ2003PLC018359
Email ID – cs@swarajsuiting.com,Phone No.-09414112677
Website- www.swarajsuiting.com

SSL/23-24/CS/029 Date: 11/06/2023

To,
The Manager
Listing & Compliance Department,
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra,
Mumbai- 400051.

Company Symbol: **SWARAJ** Series: **SM** ISIN: **INE0GMR01016**

Dear Sir/Madam,

Sub.: **Newspaper clippings of notice published on June 11, 2023- Extra Ordinary General Meeting Notice**

---

Pursuant to provisions of Regulation 30 and other applicable regulations of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015, as amended, The Company had published advertisement in connection with the Notice of Postal Ballot & E-Voting in the following newspapers:

i. "Financial Express" all editions, in English Language; and
ii. "Business Remedies" all editions, in Hindi Language.

Copies of newspaper clippings are attached.

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours Faithfully,
**For Swaraj Suiting Limited**
Rahul Kumar Verma
Digitally signed by Rahul Kumar Verma
DN: c=IN, o=Personal, title=2428, 2.5.4.20=0894ed2cd812d185f0d6baea5a05081138903b19c4a6c7ebd2f3ed926336803a, postalCode=311001, st=Rajasthan, serialNumber=70540d59cf86bfd1edc25f4bb04615c745c16d0e0ac51a18293c3f9637a6fb8d, cn=Rahul Kumar Verma
Date: 2023.06.11 21:19:56 +05'30'
**Rahul Kumar Verma**
**Company Secretary**
**& Compliance Officer**
**M. No. F12348**

Encl- As above

# गिरावट के बाद शेयर बाजार में तेजी जारी

**दिनांक 12.06.2023 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 09.06.2023 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 18631 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 18474 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 18707 - 18787 - 18808 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 18303 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 09.06.2023 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 44117 पॉइंट पर :

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 43808 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 44474 - 44534 - 44606 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 43676 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**कोटक महिन्द्रा बैंक ( 1880 )** :- कोटक महिन्द्रा ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1844 रुपये के आसपास है। 1808 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1909 से 1919 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1930 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**टाटा केमिकल्स ( 965 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 933 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउटज!! 919 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 983 रुपये से 990 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**गोदरेज प्रॉपर्टीज ( 1434 ) :-** रेजिडेंशियल, कमर्शियल प्रोजेक्ट सेक्टर के शेयर में 1463 रुपये से 1470 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1388 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत**



**सिपला लि. ( 970 ) :-** फार्मा सेक्टर के शेयर में 989 रुपये से 994 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 930 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**अदानी पोर्ट्स ( 737 )** : 02 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 707 रुपये स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला पोर्ट & पोर्ट सर्विस सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 744 रुपये से 750 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**रिलायंस इंडस्ट्रीज ( 2488 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार रिफाइनरीज & मार्केटिंग सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 2460 रुपये से 2430 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है। प्रतिक्रियात्मक के लिए 2570 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!!

**टीवीएस मोटर ( 1329 ) :-** इस शेयर को 1360 / 1373 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1303 रुपये से 1288 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 1380 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**ग्रासीम इंडस्ट्रीज ( 1727 ) :-** सीमेंट & सीमेंट प्रोडक्ट सेक्टर का यह स्टॉक 1770 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1707 रुपये से 1688 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!

**आईसीआईसीआई बैंक ( 944 )** :- प्राइवेट बैंक सेक्टर के इस शेयर को करीब 870 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 929 रुपये से 919 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 878 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**वोल्टास लि. ( 780 ) :-** इस शेयर को करीब 797 / 808 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 767 रुपये से लेकर 755 रुपये तक रहने की संभावना है. 818 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं। विशेष नोट:- डिस्कलमर/नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

# 12 जून को खुलेगा 'अर्बन एनवॉयरो वेस्ट मैनेजमेंट लि.' का आईपीओ

## निवेशक 14 जून तक कर सकते हैं कंपनी के आईपीओ आवेदन




**बिजनेस रेमेडीज।** नागपुर आधारित 'अर्बन एनवॉयरो वेस्ट मैनेजमेंट लि.' द्वारा ऋण की अदायगी, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति और जनरल कॉर्पोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 14 जून, 2023 को बंद होगा।

'अर्बन एनवॉयरो वेस्ट मैनेजमेंट लि.' म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट क्षेत्र में कार्य कर रही है। कंपनी की सेवाओं में ठोस अपशिष्ट संग्रह, परिवहन, कचरे का पृथक्करण और प्रसंस्करण और निपटान शामिल है। यह सेवाएं उत्तर भारत के शहरों विशेषकर इंडियन लोकल म्यूनिसिपल्टीज को उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कंपनी अलग-अलग स्थानीय और संग्रह वसूली से निपटान तक प्रत्येक चरण में कचरे को प्रबंधित करने और कम करने की सेवा देती है।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शनः** वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 12.79 करोड़ रुपए का कुल राजस्व एवं 75.07 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2021 में 15.87 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 82.88 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में 19.77 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.29 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 के 31 दिसम्बर,2022 तक अवधि तक कंपनी ने 26.46 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.06 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित कर लिया है। इस अवधि कंपनी ने 3.12 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

वित्त वर्ष 2023 के 31 दिसम्बर, 2022 तक अवधि तक कंपनी ने ऑपरेटिंग गतिविधियों से 5.26 करोड़ रुपए का पॉजिटिव कैश फ्लो जनरेट किया है। इस अवधि तक कंपनी की नेटवर्थ 4.23 करोड़ रुपए, रिटर्न ऑन नेटवर्थ 25.12 फीसदी और ईबिटा मार्जिन 19.39 फीसदी दर्ज किया गया। कंपनी का आईपीओ करीब 25 के फोवर्ड पीई मल्टीपल पर आ रहा है।

**आईपीओ के संबंध में जानकारीः** कंपनी का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर आज खुलकर 14 जून, 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर 10 रुपए फेसवेल्यू के 1142400 शेयर 100 रुपए प्रति शेयर के भाव जारी कर 11.42 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। जिनमें से 920000 शेयर फ्रेश इश्यू के तहत और प्रवर्तक सुरेश शर्मा द्वारा 222400 शेयर ऑफर फोर सेल के माध्यम से बिक्री किए जायेंगे। कंपनी के आईपीओ का मार्केट लॉट साईज 1200 शेयरों का है, यानि निवेशकों को आईपीओ में 1 लॉट के लिए 1.20 लाख रुपए निवेश करने होंगे। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी पेंटोमेथ केपिटल एडवाइजर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। आईपीओ में मार्केट मेकर की भूमिका केपिटल मार्केट में कार्यरत प्रमुख कंपनी निकुंज स्टॉक ब्रोकर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निभाई जा रही है।

| | |
|---|---|
| IPO Date | Jun 12, 2023 to Jun 14, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹100 per share |
| Lot Size | 1200 Shares |
| Total Issue Size | 1,142,400 shares (aggregating up to ₹11.42 Cr) |
| Fresh Issue | 920,000 shares (aggregating up to ₹9.20 Cr) |
| Offer for Sale | 222,400 shares of ₹10 (aggregating up to ₹2.22 Cr) |
| Issue Type | Fixed Price Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| Market Maker portion | 57,600 shares (Asnani Stock Broker) |

**नोटः आईपीओ में निवेश करने से पूर्व निवेशक पंजीकृत निवेश सलाहकारों से सलाह लेंवे।**

# मई में एनएसई पर करीब 60 लाख शेयरों का हुआ लेनदेन

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (हि.स.)।** मई महीने में हुई शेयरों की खरीद-बिक्री के आंकड़े नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक एनएसई में साल के 5वें महीने के दौरान एक बार फिर लेनदेन गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई। इस दौरान एनएसई प्लेटफार्म पर 57.80 लाख शेयरों की खरीद-बिक्री हुई, जिसकी वजह से मई का टर्नओवर वैल्यू 1,645 करोड़ रुपये रहा। इसके पहले अप्रैल में एनएसई प्लेटफार्म पर रिकॉर्ड 70 लाख शेयरों की लेनदेन हुई थी। जबकि मार्च के महीने में वैश्विक आशंकाओं की वजह से एनएसई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 18 लाख शेयरों का ही लेनदेन हो सका था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक मई के महीने में 57.80 लाख शेयरों का 2,986.55 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लेनदेन हुआ। मई के महीने में विदेशी निवेशकों ने कुल 22.32 लाख शेयरों की बिक्री की। दूसरी ओर घरेलू निवेशकों ने इस अवधि में 37.21 लाख शेयरों की खरीदारी की। विदेशी निवेशकों के आंकड़े में ही अनिवासी भारतीय निवेशकों द्वारा किए गए सौदों को भी शामिल किया गया है। अनिवासी भारतीय निवेशकों ने मई के महीने में 15.09 शेयरों की बिक्री की।

# इक्विटी फंडों से निकासी बढ़ी, बाजार में तेजी के बीच निवेशकों ने की जमकर मुनाफावसूली

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** निवेशकों ने मई में एक्टिव म्युचुअल फंड योजनाओं से 27,600 करोड़ रुपये की निकासी की है, जो सितंबर 2021 के बाद सबसे बड़ी निकासी है। शेयरों के दाम में तेजी आने के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड ऑफ इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली किए जाने के कारण इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में घटकर 3,240 करोड़ रुपये रह गया, जो छह महीने में सबसे कम है।

**प्रबंधन के आदेश से सूचना**

**बिजनेस रेमेडीज के सभी पृष्ठों पर प्रकाशित खबर से प्रभावित होकर किसी भी प्रकार का निवेश या अन्य किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लेवें। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी निर्णय लेने वाले के स्वंय की होगी। किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए बिजनेस रेमेडीज जिम्मेदार नहीं होगा।**

दिसंबर से फरवरी के बीच कमजोर प्रदर्शन के बाद विदेशी निवेशकों की सतत लिवाली से मार्च अंत से शेयर बाजार में अच्छी तेजी आई है। मई में निफ्टी 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है और तीन महीने की बढ़त 5 फीसदी तक बढ़ा ली है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 6.2 फीसदी चढ़ा है जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में इस दौरान 5.1 फीसदी की तेजी आई है।

उद्योग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने कहा कि म्युचुअल फंड में शुद्ध निवेश में कमी मुख्य रूप से मुनाफावसूली और शिक्षा तथा अन्य जरूरतों के लिए यूनिटों को भुनाए जाने की वजह से आई है। कोटक महिंद्रा एएमसी में बिक्री, मार्केटिंग और डिजिटल बिजनेस के राष्ट्रीय प्रमुख मनीष मेहता ने कहा, 'छुट्टियों, शिक्षा पर संभावित खर्च के साथ बाजार में तेजी के बीच मुनाफावसूली के कारण मई में म्युचुअल फंड में निवेश कम हुआ है।'

मॉर्निंगस्टार इंडिया में विश्लेषक-मैनेजर रिसर्च मेल्विन सेंटारिटा ने कहा, 'मुनाफावसूली के साथ ही ऋण सीमा बढ़ाए जाने के अमेरिकी सरकार के निर्णय से संबंधित चिंता के कारण शुद्ध निवेश कम रहा है।'

निवेशकों ने लार्ज कैप, फ्लेक्सीकैप और थीम आधारित तथा क्षेत्र आधारित योजनाओं से सबसे ज्यादा निवेश की बिकवाली की है। इन तीनों फंड श्रेणियों में रिकॉर्ड 13,245 करोड़ रुपये की निकासी हुई है। इससे इन श्रेणियों में शुद्ध निवेश ऋणात्मक हो गया। इसके साथ ही लार्ज कैप योजनाओं से सबसे ज्यादा 1,362 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की गई।

हालांकि स्मॉलकैप योजनाओं में निवेश का प्रवाह बना रहा। मई में स्मॉलकैप योजनाओं में 3,283 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ जो अप्रैल 2019 (एम्फी ने जब से निवेश का आंकड़ा जारी करना शुरू किया है) से अभी तक सर्वाधिक आंकड़ा है।

विशेषज्ञों के अनुसार निवेश का यह रुझान दिखाता है कि निवेशक मूल्यांकन के आधार पर निवेश का निर्णय ले रहे हैं। एम्फी के मुख्य कार्याधिकारी एन एस वेंकटेश ने कहा कि निवेशक स्मॉलकैप को आकर्षक मान रहे हैं क्योंकि वित्त वर्ष 2023 में तेज गिरावट के बाद इनके मूल्यांकन में सुधार हुआ है। हालांकि इक्विटी योजनाओं में सकल निवेश अभी भी ऊंचा बना हुआ है और निवेशकों ने मई में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट योजना (SIP) के जरिये 14,749 करोड़ रुपये का सर्वकालिक अधिकतम निवेश किया है। मई में एक्टिव इक्विटी योजनाओं में सकल निवेश 21 फीसदी बढ़कर 30,800 करोड़ रुपये रहा। एक्टिव डेट योजनाओं में मई में अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ज्यादा निवेश हुआ है और इन योजनाओं में निवेश का मजबूत प्रवाह बना हुआ है। लिक्विड योजनाओं में 45,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का शुद्ध निवेश हुआ है।

FOR JUNE 12,2023

| | | | TARGET 1 | TARGET 2 | TARGET 3 | TARGET 4 | TARGET 5 | TARGET 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIFTY SPOT | BUY ABOVE | 18592 | 18601 | 18610 | 18623 | 18631 | 18657 | 18687 |
| | SELL BELOW | 18534 | 18525 | 18516 | 18504 | 18496 | 18469 | 18440 |
| | | | | | | | | |
| BANK NIFTY | BUY ABOVE | 44070 | 44095 | 44120 | 44156 | 44178 | 44252 | 44333 |
| | SELL BELOW | 43908 | 43883 | 43858 | 43822 | 43800 | 43726 | 43645 |

Data based previous day closing  Source: VAISHALI KALA

# वेदांता का बेहतर वित्तीय प्रदर्शन जारी

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वेदांता) ने वित्तीय वर्ष 23 में 4.6 अरब डॉलर का एबिटडा (अब तक का दूसरा उच्चतम स्तर जो हासिल किया गया) और 2.8 अरब डॉलर का फ्री कैश फ्लो प्री-कैपेक्स (ऑल-टाइम हाई) हासिल किया है। इसके साथ इसकी बैलेंस शीट पोजीशन में एक महत्वपूर्ण सुधार हुआ, जिसमें वेदांता का सकल ऋण मार्च 2023 तक के बारह महीनों में 9.8 अरब डॉलर से घट कर 7.8 अरब डॉलर हो गया, इसके बाद, पूर्व की घोषणा के अनुसार, मई 2023 के अंत तक 6.4 अरब डॉलर तक आते हुए आगे लगातार गिरावट जारी रही। यह विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता और सस्टेनेबल ग्रोथ पर हमारे फोकस को उजागर करता है। वित्तीय वर्ष -24 के लिए मजबूत एबिटडा और फ्री कैश फ्लो अनुमानों के आधार पर अपने कैपिटल स्ट्रक्चर में और सुधार की उम्मीद करते हैं। अभी किए जा रहे बैलेंस शीट मैनेजमेंट के तहत, वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए सभी मैच्योरिटी प्रीपेड हैं। अगले 6 महीनों के लिए कोई उल्लेखनीय मैच्योरिटी नहीं होने के कारण, ग्रुप अब 2024 और उसके बाद के लक्ष्य को पूरा करने पर केंद्रित है और पूरी तरह से आश्वस्त है कि यह अपनी सभी मैच्योरिटी को समय पर पूरा करना जारी रखेगा। वेदांता, भारत के साथ-साथ अफ्रीका के कुछ हिस्सों के लिए एक उत्साहकारी ग्रोथ इंजन है। हमारे पोर्टफोलियो में उच्च-गुणवत्ता, कम-लागत, टीयर 1 परिसंपत्तियां शामिल हैं, जो ग्लोबल लेवल पर कुछ, यदि कोई हो, के साथ एनर्जी ट्रांजिशन पर केंद्रित हैं। हम भारत में मौजूद असाधारण प्रगति अवसरों का लाभ उठाने को भुनाने के लिए तत्पर हैं और यह उल्लेखनीय है कि हमारे अधिकांश उत्पादों के लिए मांग दो अंकों की दर से बढ़ रही है। वेदांता की वेदांता लिमिटेड में 68% और कोंकोला कॉपर माइन्स में 79% हिस्सेदारी है, जो अफ्रीका के सबसे बड़े कॉपर डिपॉजिट में से एक है। वेदांता के पैरेंट के पास अतिरिक्त रूप से उत्साहकारी एनर्जी ट्रांजिशन संबंधी संपत्तियां हैं, जिनमें रिन्यूएबल (सेरेंटिका), सेमीकंडक्टर्स, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज और पावर ट्रांसमिशन के नए युग के वर्टिकल शामिल हैं - इन सभी का महत्वपूर्ण मूल्य है और हमारी बेजोड़ विस्तार को उजागर करता है।

SWARAJ SUITING LIMITED
Weaving The Future

**स्वराज सूटिंग लिमिटेड**

CIN : L18101RJ2003PLC018359

पंजीकृत कार्यालयः एफ-483-487, रीको ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़, भीलवाड़ा-311025, राजस्थान, भारत

दूरभाष नंबरः +91 9660630663, वेबसाइटः www.swarajsuiting.com, ईमेल- cs@swarajsuiting.com

**01/2023-24 असाधारण आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग के संबंध में नोटिस**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 01/2023-24 असाधारण आम बैठक ('ईजीएम') कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के प्रावधानों के अनुपालन में और दिनांक 05 मई के परिपत्र संख्या 20/2020 द्वारा अनुमत अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ('ओएवीएम') एक सामान्य स्थान पर सदस्य की भौतिक उपस्थिति के बिना, 2020 परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020 परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 के परिपत्र सं. 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, परिपत्र संख्या 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, परिपत्र सं. 20/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021 के परिपत्र सं. 03/2022 दिनांक 05 मई 2022 परिपत्र सं. 11/2022, दिसंबर 28,2022 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी किया गया और 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021 और 13 मई, 2022 को सेबी ('परिपत्र') द्वारा जारी परिपत्र रविवार, 02 जुलाई, 2023 को अपराह्न 01:00 बजे आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंस ('वीसी')/ के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, ईजीएम की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को भेजी जाती है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं। ई-मेल के माध्यम से ईजीएम के नोटिस का प्रेषण 10.06.2023 को पूरा हो गया है। ईजीएम का नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.swarajsuiting.com और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी (इंडिया) लिमिटेड ('NSDL') की वेबसाइट https://nsdl.co.in/ पर भी उपलब्ध है।

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित नियमों, समय-समय पर यथासंशोधित और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग) ईजीएम के दौरान मतदान की सुविधा सदस्यों को एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिए प्रदान कर रही है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः

1. ईजीएम की सूचना में उल्लिखित सभी व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के माध्यम से किया जा सकता है;
2. रिमोट ई-वोटिंग गुरुवार, 29 जून, 2023 को सुबह 09.00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी और शनिवार, 01 जुलाई, 2023 को शाम 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। उसके बाद एनएसडीएल द्वारा वोटिंग के लिए रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
3. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने या ईजीएम में भाग लेने की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तारीख सोमवार, 26 जून, 2023 ('कट-ऑफ तारीख') है।
4. यदि कोई व्यक्ति ईजीएम नोटिस के प्रेषण (केवल मेल द्वारा) के बाद, लेकिन कट-ऑफ तारीख को या उससे पहले कंपनी का सदस्य बन गया है, तो ऐसा व्यक्ति एनडीएसएल से ई-वोटिंग के लिए evoting@nsdl.co.in पर ई-मेल अनुरोध या टोल फ्री नंबर 1800 1020 990/1800 224 430 पर कॉल करके यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर ईजीएम के नोटिस और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी https://www.evoting.nsdl.com/ पर दिए गए निर्देशों और ई-वोटिंग की प्रक्रिया का पालन करके वोट डाल सकते हैं।
5. ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य/लाभार्थी मालिक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और उनके लिए उपलब्ध ई-वोटिंग यूजर मैनुअल https://www.evoting.nsdl.com/ के डाउनलोड सेक्शन में देख सकते हैं या श्रीमती सोनी सिंह, एनएसडीएल को उपरोक्त टोल फ्री नंबर 022 2499 4559 पर कॉल करें या orevoting@nsdl.co.in पर ऊपर उल्लिखित संपर्क विवरण पर अधोहस्ताक्षरी हैं जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी शिकायतों को दूर करने के लिए जिम्मेदार हैं, को अनुरोध भेजें।
6. सदस्य ध्यान दें किः
   क. सदस्यों द्वारा एक बार संकल्प पर ई-वोट करने के बाद, उन्हें बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी;
   ख. ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाती है जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है;
   ग. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से वोट डालने का अधिकार नहीं होगा और;
   घ. जिस व्यक्ति का नाम सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तारीख को दर्ज है, वही ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा;

जिन सदस्यों ने कंपनी या डिपॉजिटरी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि ईजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके इसे पंजीकृत करें। ईजीएम के दौरान उन सदस्यों के लिए रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के तरीके जो भौतिक मोड या डीमैट मोड में शेयर रखते हैं या जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, ईजीएम की सूचना में प्रदान किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
स्वराज सूटिंग लिमिटेड के लिए
कृते/-
राहुल कुमार वर्मा
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

दिनांकः 10 जून 2023
स्थानः भीलवाड़ा